उत्तर प्रदेश शासन

चीनी उद्योग अनुभाग-2

संख्या-02/2016/117एस0सी0/18-2-2016-77/12टी0सी0

लखनऊ, दिनांक 28 जनवरी, 2016

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1965 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11 सन् 1966) की धारा 122 की उपधारा (2) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल, सरकारी अधिसूचना संख्या- 474/बारह-जी-1-1987-7 (13)/76 टी0सी0 दिनांक 31 मार्च 1987 के अधीन यथा अपेक्षित प्राधिकारी द्वारा बनायी गयी उत्तर प्रदेश में सहकारी चीनी मिल एवं आसवनियों के कर्मचारियों की भर्ती, उपलब्धियों और सेवा में निबंधनों और शर्तो, जिसके अन्तर्गत अनुशासनिक नियंत्रण भी है, से सम्बन्धित विनियमावली को अनुमोदित करते हैं।

2- उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन राज्यपाल अग्रेतर यह निर्देश देते हैं कि इस विनियमावली को गजट में प्रकाशित किया जाय।

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल एवं आसवनी कर्मचारी सेवा विनियमावली, 2015

भाग – एक

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:

1. (1) यह विनियमावली उत्तर प्रदेश में स्थित सहकारी चीनी मिल्स एवं सहकारी आसवनियों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा विनियमावली-2015 कही जायेगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश चीनी मिल और आसवनी

http://shasanadesh.up.nic.in

कर्मचारियों पर लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषायें: **2.** जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस विनियमावली में:-

(क) **"अधिनियम"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम 1965 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11, सन 1966) से है;

(ख) **"अपीलीय प्राधिकारी"** का तात्पर्य अध्यक्ष/प्रशासक, सहकारी चीनी मिल/आसवनी से है;

(ग) **"नियुक्ति प्राधिकारी"** का तात्पर्य प्रधान प्रबन्धक/सचिव, सहकारी चीनी मिल/आसवनी से है;

(घ) **"प्रशिक्षु"** का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो मिल या आसवनी में प्रशिक्षुता के प्रशिक्षण के अधीन है;

(ड.) **"प्राधिकारी"** का तात्पर्य प्रमुख सचिव/सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार से है;

(च) **"उपविधियां"** का तात्पर्य निबन्धक द्वारा निर्बन्धित सहकारी चीनी मिल/आसवनी की उप विधियों से है;

(छ) **"अध्यक्ष"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा नामित चीनी मिल/आसवनी के अध्यक्ष/प्रशासक से है;

(ज) **"निरंतर सेवा"** का तात्पर्य मिल/आसवनी के अधीन निरंतर सेवा से है। इसमे वह सेवा भी सम्मिलित है, जो केवल बीमारी या प्राधिकृत छुट्टी या किसी

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

दुर्घटना या ऐसी हड़ताल के कारण जो अवैघ न हो या तालाबन्दी या कार्यबन्दी को किसी कर्मचारी की किसी त्रुटि के कारण हो, विच्छिन्न हुई है;

(झ) **"कर्मचारी"** का तात्पर्य सहकारी चीनी मिल व आसवनियों में पूर्णकालिक कर्मचारी (अस्थायी, स्थायी व सामायिक) के रूप में नियुक्त किसी व्यक्ति से है, किन्तु निम्नलिखित श्रेणी के कर्मचारी इसमें सम्मिलित नहीं हैः-

(1) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी या संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति।

(2) सरकारी सेवक और प्रतिनियुक्ति पर नियोजित अन्य व्यक्ति।

(3) प्रशिक्षुता या प्रशिक्षण की अवधि के दौरान यथास्थिति शिक्षु और प्रशिक्षणार्थी;

(¥) परिवार का तात्पर्य किसी कर्मचारी के **परिवार** से है जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैः-

(एक) किसी पुरूष कर्मचारी के सम्बन्ध में उसकी पत्नी, पुत्र, सौतेला पुत्र, अविवाहित पुत्री या अविवाहित सौतेली पुत्री, माता व पिता, जो उस पर आश्रित हों, चाहे वे उसके साथ रहते हो या न रहते हों।

(दो) किसी महिला कर्मचारी के सम्बन्ध में उसका पति, पुत्र, सौतेला पुत्र, अविवाहित पुत्री या अविवाहित सौतेली पुत्री एवं सास ससुर, जो उस पर आश्रित हों, चाहे वे उसके साथ रहते

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

हो या न रहते हों।

(तीन) कर्मचारी का ऐसा कोई रक्त सम्बन्धी व्यक्ति, जो कर्मचारी पर पूर्णता आश्रित हो। किन्तु इसके अन्तर्गत विधिमान्य तलाकशुदा पत्नी या पति या पुत्र, सौतेला पुत्र, अविवाहित पुत्री या अविवाहित सौतेली पुत्री, जो अब पुरूष या महिला कर्मचारी पर आश्रित नहीं है या विधि द्वारा जिसकी अभिरक्षा से कर्मचारी वंचित किया गया हो, सम्मिलित नहीं है;

(ट) **"संघ"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0 से है;

(ठ) **"प्रधान प्रबन्धक/सचिव"** का तात्पर्य सहकारी चीनी मिल व आसवनियों के प्रधान प्रबन्धक/सचिव से है;

(ड) **"प्रबन्ध समिति"** का तात्पर्य ऐसी प्रबन्ध समिति या प्रशासक से है, जिसे अधिनियम की धारा 29 के अधीन सहकारी चीनी मिल/आसवनी के कार्यकलाप का प्रबन्धन सौंपा गया है;

(ढ) **"प्रबन्ध निदेशक"** का तात्पर्य प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0 से है;

(ण) **"मिल"** का तात्पर्य सहकारी चीनी मिल व आसवनी इकाई से है;

(त) **"वेतन"** का तात्पर्य उन सभी परिलब्धियों से है, जो अपने सेवायोजन की शर्तो और निबंधनों के अनुसार काम पर या छुट्टी पर रहते हुए कर्मचारी ने अर्जित किया हो और जिनका भुगतान उसे किया गया हो

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

या नकद भुगतान किये जाने योग्य हो और इसके अन्तर्गत वेतन, महंगाई भत्ता, अन्तरिम सहायता सम्मिलित है, किन्तु इसमें मकान किराया भत्ता, बोनस और अन्य कोई भत्ते सम्मिलित नहीं है;

(थ) **"निबन्धक"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश, गन्ना आयुक्त से है;

(द) **"नियम"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सहकारी समिति नियमावली 1968 से है;

(ध) **"सामयिक कर्मचारी"** का तात्पर्य ऐसे कर्मचारी से है, जो मात्र पेराई सत्र हेतु नियोजित किया गया हो;

(न) **"अनुभागाध्यक्ष"** का तात्पर्य किसी आसवनी इकाई के मुख्य अभियंता, मुख्य रसायनविद, मुख्य गन्ना अधिकारी एवं मुख्य लेखाकार तथा आसवानी इकाई में आसवानी प्रबंधक से है;

(प) **"चयन समिति"** का तात्पर्य इस विनियमावली के नियम (13) के अधीन गठित चयन समिति से है;

(फ) **"प्रशिक्षणार्थी"** का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो एक निश्चित अवधि के लिए किसी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत नियोजित किया गया हो;

(ब) **"वर्ष"** का तात्पर्य पहली अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले और आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाले सहकारिता वर्ष से है;

(भ) **"सेवा"** का तात्पर्य सहकारी चीनी मिल तथा आसवनी कर्मचारी सेवा से है;

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

भाग - दो

सेवा संवर्ग

सेवा के पदों का वर्गीकरण: **3.(1)** नियुक्ति/भर्ती के प्रयोजन के लिए सहकारी चीनी मिल व आसवनियों के अधीन पदों का वर्गीकरण इस विनियमावली से संलग्न अनुसूची एक के अनुसार किया जायेगा।

(2) प्राधिकारी समय समय पर चीनी मिलों/आसवनियों में आवश्यकतानुसार पदों की संख्या अवधारित करेंगे तथा तदनुसार उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट अनुसूची एक में समय-समय पर संशोधन कर सकते हैं।

अर्हतायें: **4.** पद की प्रत्येक श्रेणी पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी की अर्हताएँ ऐसी होंगी जैसे इस विनियमावली से संलग्न अनुसूची एक में दी गई है।

आयु: **5.(1)** इंटरमीडिएट एवं आई०टी०आई० योग्यता वाले तथा इससे ऊपर योग्यता वाले पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की आयु भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को क्रमशः 18 वर्ष एवं 21 वर्ष से कम और चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, प्राधिकारी के अनुमोदन से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले किसी पद पर अन्यथा पात्र कर्मचारी द्वारा आवेदन करने के मामले में उच्चतर आयु सीमा शिथिल कर सकते हैं।

(3) किसी व्यक्ति को अपनी प्रथम नियुक्ति के समय अपनी आयु का प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी को देना होगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) उप विनियम (3) के अधीन आयु ऐसी होनी चाहिए जैसी हाई स्कूल या उसके समकक्ष अभ्यर्थी के प्रमाणपत्र में दी गई हो। जहाँ किसी व्यक्ति ने कोई ऐसी परीक्षा उतीर्ण न की हो तो उससे ऐसा प्रमाण प्रस्तुत करना होगा जैसा नियुक्ति प्राधिकारी आवश्यक समझे।

चरित्र: **6.** सेवा में सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये कि वह मिल की सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। इस सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसके चरित्र का सत्यापन कराया जायेगा।

टिप्पणी: *राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण में किसी निगम द्वारा या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या किसी निगमित निकाय, सहकारी समिति, सहकारी मिल/आसवानी या शीर्ष सहकारी संस्था द्वारा पदच्युत कोई व्यक्ति पात्र न होगा।*

शारीरिक उपयुक्तता: **7.** किसी भी अभ्यर्थी को मिल की सेवा में किसी पद पर तभी नियुक्त किया जायेगा जब मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा हो और वह ऐसे सभी शारीरिक दोष से मुक्त हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित करने के पूर्व

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उससे ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी का उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायेगी, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी विनिर्दिष्ट करें, परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वास्थ प्रमाणपत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

वैवाहिक प्रास्थिति: **8.** मिल के अधीन किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा कोई अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसके एक से अधिक पति या पत्नी जीवित हो या जिसने किसी ऐसे पुरूष या स्त्री से विवाह किया है जिसके पहले से ही कोई पत्नी या पति जीवित हो।

आरक्षण: **9.(1)** अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो और अन्य श्रेणियों के, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

(2) चीनी मिलों/आसवनियों में आवश्यकतानुसार भर्तियां, निर्धारित स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा व्यापक प्रसार वाले समाचार पत्रों में प्रचलित भाषा में प्रकाशित कराकर की जायेगी।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी किसी भी रिक्त पद पर चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया लम्बित होने की दशा में यथा आवश्यकतानुसार अपेक्षित योग्यता व अर्हता रखने वाले व्यक्ति की स्टाफ गैप अरैन्जमेन्ट के अन्तर्गत नितांत अस्थायी रूप से नियुक्ति कर

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सकेगा।

राष्ट्रीयता: 10. सहकारी चीनी मिल/आसवानी की सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।

भाग-तीन

भर्ती

भर्ती का श्रोत: 11. उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लि0 द्वारा सहकारी चीनी मिलों व आसवनियों के लिये जारी किये गये स्टाफिंग पैटर्न के अधीन चीनी मिलों/आसवनियों के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां अनुसूची एक में निर्दिष्ट विवरण के अनुसार निम्नलिखित श्रोतो से की जायेंगीः

(क) सीधी भर्ती के माध्यम से,

(ख) पदोन्नति के माध्यम से,

(ग) प्रतिनियुक्ति या संविदा के माध्यम से,

(घ) किसी अन्य श्रोत से जिसे प्राधिकारी अनुमोदित करें।

रिक्तियों का अवधारणः 12. नियुक्ति प्राधिकारी, भर्ती के वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा। नियुक्ति प्राधिकारी, नियम-9 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा।

चयन समिति: 13. सहकारी चीनी मिलो/आसवनियों में नियुक्ति हेतु

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए एक चयन समिति होगी जिसके निम्नलिखित सदस्य होंगे:-

(क) सचिव/प्रधान प्रबन्धक - अध्यक्ष,

(ख) सम्बंधित अनुभागाध्यक्ष - सदस्य,

(ग) प्रबन्ध निदेशक द्वारा नामित प्रतिनिधि-सदस्य,

(घ) अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा नामित प्रतिनिधि-सदस्य,

(च) अनुसूचित जाति का प्रतिनिधि - सदस्य,

(छ) अन्य पिछडी वर्ग का प्रतिनिधि- सदस्य

सीधी भर्ती की प्रक्रिया: **14.** इस विनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अवधारित की जायेगी। विनियम 13 के अधीन सम्यक् रूप से गठित चयन समिति, प्राधिकारी द्वारा अवधारित प्रक्रिया अनुसूची एक में उल्लिखित है के अनुसार, अभ्यर्थियों का चयन करेगी। चयनित अभ्यर्थियों के नाम उनकी योग्यता क्रम में रखकर एक नाम सूची (पैनल) बनायेगी और अपनी संस्तुतियों के साथ उसे नियुक्ति प्राधिकारी को देगी। इसका अनुमोदन अध्यक्ष/प्रशासक से कराया जायेगा। इस रीति से तैयार की गयी कोई सूची (पैनल), अनुमोदन के दिनांक से एक वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगी।

पदोन्नति द्वारा प्रक्रिया: **15.** सहकारी चीनी मिलो/आसवनियों में पदोन्नति हेतु एक पदोन्नति समिति गठित होगी जिसके निम्नलिखित सदस्य होंगे:-

(क) सचिव/प्रधान प्रबन्धक - अध्यक्ष,

(ख) सम्बंधित अनुभागाध्यक्ष - सदस्य,

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(ग) प्रबन्ध निदेशक द्वारा नामित प्रतिनिधि-सदस्य,

(घ) अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा नामित प्रतिनिधि-सदस्य

पदोन्नति हेतु रिक्तियों की सूची/विवरण तैयार कर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लि० को प्रेषित की जाएगी। अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् संघ द्वारा निर्धारित पदोन्नित नीति के अनुसार पदोन्नित की कार्यवाही उपरोक्त गठित समिति के माध्यम से की जायेगी। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सूची में उल्लिखित अभ्यर्थियों की पदोन्नति से पूर्व अध्यक्ष/प्रशासक से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

नियुक्ति/सेवा का प्रारम्भ: **16.** इस विनियमावली के अधीन कर्मचारी की सेवा उस दिन से प्रारम्भ हुई समझी जायेगी, जिस दिन वह उस पद जिस पर वह नियुक्त हुआ है/हुई है, कार्यभार ग्रहण करता/करती है। अभ्यर्थी द्वारा अपरान्ह में कार्य-भार ग्रहण करने की स्थिति में उसकी सेवा अगले दिन से प्रारम्भ होगी।

परिवीक्षा: **17. (1)** किसी पद या सेवा या स्थायी रिक्ति में मौलिक रूप से नियुक्त किये गये कर्मचारी को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से, अलग-अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को, उस दिनांक तक जब तक के लिए इसे बढाया जाए, बढा सकता है।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को, परिवीक्षा अवधि में या

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

इसकी समाप्ति पर या बढायी गयी परिवीक्षा अवधि में, ऐसा प्रतीत होता है कि किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नही किया है या अन्यथा सन्तोष प्रदान करने में विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर वापस किया जा सकता है, यदि कोई हो, और यदि किसी पद पर उसका धारणाधिकार नही है तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती है।

(4) ऐसा व्यक्ति, जिसे उपविनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया गया हो या जिसकी सेवाएँ समाप्त की गई हों, किसी प्रतिकर का हकदार नही होगा।

स्थायीकरण: 18. परिवीक्षाधीन व्यक्ति की, यथास्थिति परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर स्थायी किया जा सकता है, यदि (क) उसका कार्य और आचरण सन्तोषजनक पाया जाय, (ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय और (ग) नियुक्ति प्राधिकारी उसे स्थायीकरण के लिए उपयुक्त समझे।

ज्येष्ठता: 19. यहाँ इसके पश्चात उपबन्धित के सिवाय, पदों की किसी श्रेणी में व्यक्तियों की ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति के आदेश दिनांक से अवधारित की जाएगी और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किए जाएँ तो उस क्रम में जिसमें उनके नाम नियुक्ति आदेश में रखे गए हों:

प्रतिबन्ध यह है कि यदि नियुक्ति आदेश में ऐसा कोई विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट है जब

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

से व्यक्ति मौलिक रूप से नियुक्त किया गया है तो उस दिनांक को मौलिक नियुक्ति की दिनांक समझा जाएगा और अन्य मामले में इसका तात्पर्य आदेश के निर्गत होने का दिनांक होगा:

अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि यदि किसी चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति का एक से अधिक आदेश जारी किए जाएँ तो विनियम-18 के उपविनियम (ग) के अधीन जारी किये गए संयुक्त आदेश में उल्लिखित ज्येष्ठता होगी।

किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की पारस्परिक ज्येष्ठता वही होगी जैसी यथास्थिति, आयोग अथवा चयन समिति द्वारा अवधारित की गई हो:

परन्तु यह कि सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता को खो सकता है यदि वह रिक्ति काप्रस्ताव किये जाने पर किसी विधिमान्य कारण के बिना कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहता है। कारण की विधिमान्यता के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(3) पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति की ज्येष्ठता वही होगी जैसी उस सम्वर्ग में थी जिसमें उन्हें पदोन्नत किया गया हो।

(4) जहाँ नियुक्तियाँ पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों से की जाएँ या एक से अधिक स्रोत से की जाएँ और सम्बन्धित स्रोतों का कोटा विहित हो तो विनियम-

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

17 के अनुसार तैयार की गई एक संयुक्त सूची में चक्रीय क्रम में नामों को व्यवस्थित करके ज्येष्ठता ऐसी रीति से अवधारित की जायेगी कि विहित प्रतिशत बना रहे।

सेवा की समाप्ति: **20(1)** कोई कर्मचारी अपने द्वारा निष्पादित बन्ध पत्र में अनुबद्ध अवधि में अपनी सेवायें नही छोड़ेगा। उन मामलों में जहाँ बन्ध पत्र में अनुबद्ध अवधि समाप्त हो गयी हो या जहाँ कोई ऐसा बंध पत्र निष्पादित न किया गया हो, वहाँ कर्मचारी अपनी सेवा को छोडने या सेवा करना बन्द करने की एक माह की लिखित नोटिस देनी होगी। नोटिस नियुक्ति प्राधिकारी को दी जायेगी। यदि कर्मचारी नोटिस देने में विफल रहता है तो वह नोटिस की अवधि के समतुल्य अपने एक माह के वेतन के बराबर की धनराशि प्रतिकर के रूप में देने का दायी होगा। परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी किसी कर्मचारी को ऐसे प्रतिकर के भुगतान से छूट दे सकता है।

(2) (क) नियुक्ति प्राधिकारी किसी स्थायी कर्मचारी की सेवायें एक माह की नोटिस तथा सामयिक कर्मचारी की सेवायें 15 दिन की नोटिस देकर या उसके स्थान पर भुगतान करके समाप्त कर सकता है।

(ख) अस्थायी/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सेवायें किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

(3) किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में यदि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह सत्यापित कर दिया जाता है

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कि कर्मचारी स्थायी रूप से अशक्त या शिथिलांग है।

(4) (क) यदि किसी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित है तो वह नियुक्ति प्राधिकारी के लिखित पूर्व अनुमोदन के बिना अपनी सेवा न तो छोड सकता है न ही सेवा बन्द कर सकता है और ऐसे कर्मचारी द्वारा दिया गया कोई नोटिस या त्याग पत्र तब तक प्रभावी नही होगा जब तक कि वह नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार न कर लिया जाये।

(ख) किसी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही इस विनियम के प्रयोजन के लिए लम्बित समझी जायेगी यदि वह इस विनियमावली के विनियम 53 (3) के अधीन निलम्बित किया गया हो या उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हो कि अनुशासनिक कार्यवाही उसके विरूद्ध संस्थित क्यों न की जाय या उसको कोई आरोप पत्र क्यों न जारी किया जाए और वह तब तक लम्बित समझा जायेगा जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अन्तिम आदेश पारित न कर दिया जाय।

स्पष्टीकरण 1:- *इस विनियम में प्रयुक्त शब्द "माह" की गणना अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार की जायेगी और उसका प्रारम्भ उस दिनांक के अगले दिन से होगा जिस दिनांक को, यथास्थिति, कर्मचारी या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नोटिस दी गयी थी।*

स्पष्टीकरण 2:- *उप विनियम (1) के अधीन किसी कर्मचारी*

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

द्वारा दी गयी नोटिस तभी उचित समझी जायेगी जब वह नोटिस की अवधि में ड्यूटी पर रहे और कोई कर्मचारी उपार्जित छुट्टी को, जिसका उसने उपभोग न किया हो, ऐसी नोटिस की अवधि के प्रति गुजरा करने का हकदार न होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी उस कर्मचारी को अवमुक्त करने के लिए स्वतंत्र है जो बिना किसी नोटिस के या कम अवधि की नोटिस देकर त्याग पत्र देता है।

त्याग पत्र स्वीकार करना: **21.** कर्मचारी का त्याग पत्र तब तक प्रभावी नही होगा जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार न कर लिया जाय। नियुक्ति प्राधिकारी त्याग पत्र को अस्वीकार कर सकता है यदि:-

(क) कर्मचारी किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए जो कि अभी समाप्त न हुई हो, सेवा करने के लिए बाध्य हो, या

(ख) कर्मचारी मिल समिति की किसी धनराशि का देनदार है या उसे कोई अन्य दायित्व पूरा करना है तो उस समय तक जब तक कि उक्त धनराशि अदा न कर दी जाय या दायित्व पूरा न कर दिया जाय, या

(ग) अन्य पर्याप्त कारणो से जो अभिलिखित किये जायेंगे।

अधिवर्षता और सेवा निवृत्ति: **22.** कर्मचारी 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवा निवृत होगा, परन्तु किसी कैलेण्डर माह के प्रथम दिनांक से भिन्न किसी दिनांक को अधिवर्षताकी

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

आयु प्राप्त करने पर कर्मचारी उस माह के अन्तिम दिन को सेवानिवृत्त होगा।

भाग - चार

सेवा अभिलेख और प्रत्यावर्तन

सेवा अभिलेख: 23. सेवा का अभिलेख ऐसे प्रारूप में रखा जायेगा और उसमें ऐसी सूचनायें होगीं जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी निर्दिष्ट करें।

प्रत्यावर्तन: 24. (1) एक पद से दूसरे पद पर पदोन्नत किया गया कर्मचारी एक वर्ष के भीतर किसी भी समय नोटिस देकर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

(2) किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उच्च पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया गया कोई कर्मचारी किसी भी समय बिना नोटिस के प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

भाग - पाँच

वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्ते

भर्ती के समय वेतन: 25. (1) सीधे भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया कोई कर्मचारी पद पर लागू वेतन और भत्ते पायेगा परन्तु विशेष तकनीकी दक्षता प्राप्त होने की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उच्चतर प्रारम्भिक वेतन दिया जा सकता है।

प्रतिनियुक्ति या संविदा पर नियुक्त किसी 26. **(1)** सरकारी सेवा या किसी अन्य सेवा से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी के मामले में प्रतिनियुक्ति की निबन्धन और शर्ते ऐसी होंगी जैसी

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कर्मचारी का अवधारण: मिल समिति और उसके मूल विभाग के नियोजक के बीच अवधारित की जाय।

(2) संविदा पर नियुक्त किये गये किसी कर्मचारी के मामले में, वेतन और सेवा शर्तो का निर्धारण मिल समिति और कर्मचारी के बीच सविदा की शर्तो के अनुसार होगा।

भत्ते: **27.(1)** **<u>महंगाई भत्ता:</u>** महंगाई भत्ते का भुगतान समय-समय पर शासन द्वारा अधिसूचित दरों और नियमों के अनुसार सम्बन्धित मिलों/आसवनियों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा हेतु गठित कमेटी, जिसमें वित्त नियंत्रक/सलाहकार (वित्त), संघ व सम्बन्धित मिल के प्रधान प्रबन्धक/सचिव के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा जारी निर्देशो के अनुसार की जायेगी।

(2) **<u>मकान किराया भत्ता:</u>** मकान किराया भत्ता देय नहीं होगा। मिल परिसर में उपलब्धता के आधार पर नियुक्ति प्राधिकारी की अध्यक्षता में समस्त अनुभागाध्यक्षो की गठित कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर पारदर्शी तरीके से कर्मचारी की कार्य आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मिल परिसर से 7 कि0मी0 से अधिक दूरी पर निवास करने वाले कर्मचारी को उसकी श्रेणी के अनुरूप आवासीय सुविधा प्रदत्त की जायेगी। इसका मासिक किराया प्रबन्ध निदेशक द्वारा विहित दर पर वसूल किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(3) (क) **<u>चिकित्सा प्रतिपूर्ति</u>**: उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ द्वारा समय-समय पर जारी चिकित्सा नियमावली के आधार पर कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति देय होगा।

(ख) मिल में ड्यूटी के दौरान कर्मचारी की दुर्घटना के मामले में चिकित्सा व्ययों का भुगतान प्रधान प्रबन्धक, मिल समिति के द्वारा वास्तविक व्यय के आधार पर किया जायेगा।

28. **<u>भविष्य निधि:</u>** कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध अधिनियम 1952 तथा समय-समय पर जारी संशोधनों के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि लागू होगी तथा जिन मिल समितियों में भविष्य निधि ट्रस्ट स्थापित है, वहाँ पंजीकृत ट्रस्टों के नियम लागू होंगे।

29. **<u>उपादान:</u>** कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान, समय-समय पर यथासंशोधित उपादान एक्ट 1972 के अनुसार किया जायेगा जहाँ उपादान ट्रस्ट स्थापित हैं, वहाँ पंजीकृत ट्रस्टों के नियम लागू होंगे।

30. **<u>बोनस:</u>** समय-समय पर यथासंशोधित बोनस एक्ट 1965 लागू होगा।

31. **<u>सामूहिक बीमा योजना:</u>** उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित सामूहिक जीवन बीमा योजना लागू होगी।

32. **<u>निःशुल्क वर्दी एवं बिजली:</u>** उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ के निर्देशानुसार देय होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

33. **<u>यात्रा भत्ता:</u>** उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ के निर्देशानुसार कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देय होगा।

34. **(1)** **<u>मौसम प्रारम्भ होने की सूचना:</u>** प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रत्येक सामायिक कर्मकार को व्यक्तिगत रूप से रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा कम से कम दस दिन पहले यह सूचित किया जायेगा कि उसे किस दिनांक से कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करना है। ऐसी सूचना ऐसे कर्मकारों को सन्देश वाहक द्वारा भेजी जा सकती है जो स्थानीय रूप से उपलब्ध हों और अनुसेवक पंजी में उनसे प्राप्ति स्वीकृति के हस्ताक्षर लिये जा सकते है। यदि कर्मकार इस प्रकार अधिसूचित दिनांक के दस दिन के भीतर काम पर उपस्थित नही होता है तो वह नियोजन से अपना धारणाधिकार खो देगा।

परन्तु यह कि यदि कर्मकार प्रबंधक को काम पर विलम्ब से आने के कारणों को देते हुए, आवेदन करता है, तो प्रबंधक संतुष्ट होने पर ऐसे कर्मकार को नियोजन में बनाये रख सकता है।

परन्तु यह और कि यदि प्रबंधक किसी कारण से मौसम प्रारम्भ होने के दिनांक की सूचना दस दिन पूर्व नहीं देता है, तो कर्मकार मौसम प्रारम्भ होने के दिनांक से दस दिन तक अपना वेतन नहीं खोएगा; फिर भी कर्मकार सूचना प्राप्त होने पर युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य पर उपस्थित होगा।

(2) यदि किसी सामायिक कर्मचारी को नियुक्ति

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्राधिकारी द्वारा आफ-सीजन में किसी भी समय ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए कहा जाता है और वह बिना उचित स्पष्टीकरण के ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में अनुपस्थित मानते हुए वह अपना धारणाधिकार खो देगा। यद्यपि उक्त कर्मचारी द्वारा सन्तोषजनक स्पष्टीकरण दिया गया हो, तो उसे उस अवधि में अनुपस्थित मानते हुए, रिटेनिंग भत्ता देय नहीं होगा।

<u>प्रतिधारण भत्ता:</u> **35.** **(1)** ऑफ सीजन के लिये प्रतिधारण भत्ता निम्न प्रतिबन्धों के अधीन भुगतान किया जायेगाः

(क) कर्मचारी द्वारा पेराई सत्र प्रारम्भ होने से 07 दिन के अन्दर कार्य पर योगदान किया गया हो।

(ख) कर्मचारी द्वारा विगत सम्पूर्ण पेराई सत्र में कार्य किया गया हो,

(ग) यदि सामयिक कर्मचारी अगले पेराई सत्र के प्रारम्भ से पूर्व किन्हीं भी कारणों से सेवा निवृत हो जाता है अथवा उसकी मृत्यु हो जाती है तो सेवा निवृति अथवा मृत्यु के दिनांक तक निर्धारित दर पर प्रतिधारण भत्ता अनुमन्य होगा।

(घ) यदि कोई सामयिक कर्मचारी सेवा विनियमों के विपरीत सेवा त्याग करता है, तो ऐसे सामयिक कर्मचारी को यह लाभ प्राप्त नहीं होगा।

(ड.) प्रतिधारण भत्ता निम्न प्रकार देय होगा:-

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(एक) चतुर्थ श्रेणी (अकुशल) कर्मचारी को वेतन का 20प्रतिशत।

(दो) चतुर्थ श्रेणी (अर्धकुशल) कर्मचारी को वेतन का 30 प्रतिशत।

(तीन) तृतीय श्रेणी (कुशल/लिपिकीय/पर्यवेक्षकीय)वेतन का 50 प्रतिशत।

(2) सामयिक पदों के विरूद्ध कार्यरत दैनिक वेतन भोगी/ अस्थाई कर्मचारी को रिटेनिंग भत्ता देय नहीं होगा।

अधिसमय के लिए अतिरिक्त वेतन: **36.** निर्धारित कार्यकाल से अधिक समय यथा, मिल में 8 घण्टे के कार्य के पश्चात् प्रबन्धन द्वारा आवश्यक कार्य हेतु कर्मचारी को रोके जाने की दशा में प्रतिघण्टा वेतन की साधारण दर से भुगतान देय होगा।

स्वैच्छिक परिवार कल्याण प्रोत्साहन **37.** स्वैच्छिक परिवार कल्याण प्रोत्साहन राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार देय होगा।

कार्यकारी भत्ता: **38.** यदि निम्नतर श्रेणी का कोई कर्मकार किसी उच्चतर श्रेणी के कर्म के स्थान पर कार्य करता है तो वह उच्चतर पद और अपने वास्तविक पद के अन्तर के समतुल्य धनराशि पाने का हकदार इस शर्त पर होगा कि वह निम्नतर श्रेणी के लिये निहित कर्तव्यों का पालन करने से इनकार नहीं करेगा ।

अवकाश: **39** **(1)(क)** किसी कर्मचारी को निम्नलिखित प्रकार का अवकाश स्वीकृत किया जा सकता हैः-

एक- आकस्मिक अवकाश,

दो- उपार्जित अवकाश,

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

तीन- चिकित्सा अवकाश,

चार- अध्ययन अवकाश,

पॉच- प्रसूति अवकाश।

(ख) साधारणतया अवकाश पूर्वलिखित आवेदन-पत्र पर स्वीकृत किया जायेगा।

(1) आकस्मिक अवकाश:

पूर्णकालिक स्थाई कर्मचारी को एक कलेण्डर वर्ष में अधिक से अधिक 10 दिन का आकस्मिक अवकाश अनुमन्य होगा, जिसकी एक बार की अधिकतम अवधि 3 दिन तक सीमित रहेगी। सामयिक कर्मचारी को एक पेराई सत्र में अधिक से अधिक 5 दिन का आकस्मिक अवकाश दिया जायेगा, जिसकी एक बार की अधिकतम अवधि 2 दिन तक सीमित रहेगी। आकस्मिक अवकाश को किसी अन्य अवकाश के साथ नहीं जोडा जायेगा। उपयोग न किया गया आकस्मिक अवकाश कलेण्डर वर्ष/ पेराई सत्र के अन्त में व्यपगत हो जायेगा।

(2) उपार्जित अवकाश:

(एक) पूर्णकालिक कर्मचारी/ सामयिक कर्मचारी को 20 दिन के कार्यदिवस पर एक उपार्जित अवकाश अनुमन्य होगा।

(दो) पूर्णकालिक कर्मचारी के लिये उपार्जित अवकाश अधिकतम 180 दिन की सीमा तक संचय की जा सकेगी तथा सामायिक कर्मचारी की संचय की अवधि 90 दिन होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(तीन)पूर्णकालिक/सामयिक कर्मचारी की सेवा निवृत्ति /मृत्यु/त्याग पत्र देने की स्थिति में उसके खाते में तत्समय संचित उपार्जित अवकाश का नकदीकरण देय होगा।

(3) चिकित्सा अवकाश:

(एक) किसी पूर्णकालिक कर्मचारी को एक कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम 10 दिन का चिकित्सा अवकाश अनुमन्य होगा। तीन दिन से अधिक अवधि का चिकित्सा अवकाश किसी राजपत्रित चिकित्साधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र के आधार पर प्रदान किया जायेगा।

(दो) सामायिक कर्मचारी को एक पेराई सत्र/कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम 5 दिन का चिकित्सा अवकाश अनुमन्य होगा।

(तीन)पूर्णकालिक कर्मचारी के लिये चिकित्सा अवकाश का अधिकतम संचय 90 दिन तक होगा तथा सामयिक कर्मचारी के लिये अधिकतम संचय 45 दिन होगा।

(चार)पूर्णकालिक कर्मचारी अपने पूरे सेवा काल में 90 दिन का तथा सामयिक कर्मचारी अपने पूरे सेवा काल में 45 दिन का चिकित्सा अवकाश उपभोग कर सकेगा।

(4) अध्ययन अवकाश:

(क) किसी कर्मचारी को चीनी उद्योग और सम्बद्व उद्योगों से सम्बन्धित तकनीकी और अन्य

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

विषयों के अध्ययन के लिए या विशेष शिक्षा प्राप्त करने के लिए अध्ययन छुट्टी इस शर्त पर स्वीकृत की जा सकती है कि अध्ययन या पाठ्यक्रम से मिल/आसवनी का, जिसमें वह नियुक्त है, लाभ होगा। अध्ययन अवकाश अधिकतम दो वर्ष के लिए अवैतनिक दिया जा सकता है।

(5) प्रसूति अवकाश:

महिला कर्मचारी को प्रसूति अवकाश प्रत्येक बच्चे पर 60 दिन देय होगा जो दो बच्चो तक सीमित रहेगा।

(6) अवकाश से वापस बुलाना:

(एक) अधिकार के रूप में किसी अवकाश की मांग नहीं की जा सकती है। मिल की सेवा के अनुसार किसी अवकाश को स्वीकृत/अस्वीकृत या किसी भी समय प्रतिसंहृत करने का पूर्ण विवेकाधिकार नियुक्ति प्राधिकारी का होगा।

(दो) ऐसे मामलों के सिवाय, जिसमे अवकाश के आवेदन-पत्र के साथ चिकित्सा प्रमाण पत्र संलग्न न हो, अवकाश अस्वीकार करने के किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है।

(तीन) कर्मचारी अपने अवकाश के आवेदन पत्र में उस स्थान का पता उल्लिखित करेगा, जहाँ पर वह अवकाश के दौरान रहेगा (पता एवं दूरभाष नंबर)।

(चार) कोई कर्मचारी, जो अस्वस्थता के आधार पर

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अवकाश पर हो, कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अपने चिकित्सीय परिचारक का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

(पाँच) नियुक्ति प्राधिकारी को किसी कर्मचारी को उसके अवकाश समाप्त होने के पूर्व ड्यूटी पर वापस बुलाने का विवेकाधिकार होगा, यदि मिल समिति की सेवा की आवश्यकता से ऐसा आवश्यक हो। ऐसे मामलो में यदि कर्मचारी अपने मुख्यालय से बाहर हो तो, उसे उस दिनांक से ड्यूटी पर माना जायेगा, जब वह उस स्थान के लिये प्रस्थान करे, जहाँ उसे रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया हो और उसे यात्रा भत्ता दिया जायेगा, जैसा दौरे पर दिया जाता है।

(7) राष्ट्रीय एवं त्योहार अवकाश:

सभी कर्मचारियों को एक कैलेण्डर वर्ष में वेतन सहित 3 राष्ट्रीय एवं 15 त्योहार (अधिकतम) अवकाश प्रदान किये जायेंगे।

1. राष्ट्रीय अवकाश

(क) गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी)

(ख) स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त)

(ग) गाँधी जयन्ती (02 अक्टूबर)

2. त्योहार अवकाश

पन्द्रह अवकाश प्रबन्धकीय वर्ग द्वारा स्थानीय स्थिति के परिप्रेक्ष्य में निर्धारित किये जायेंगे।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उक्त के सम्बन्ध में मिल में यथा प्रचलित नियम पूर्व की भांति लागू रहेगे तथा उक्त अवकाशों का वेतन भुगतान यथा प्रचलित नियमों के अनुसार ही किया जायेगा।

वार्षिक वेतन वृद्धि: **40.** **(1)** कोई कर्मचारी उस पद के, जिस पर उसकी नियुक्ति की गयी हो, वेतनमान में वार्षिक वेतन वृद्धि का हकदार होगा।

(2) वार्षिक वेतन वृद्धि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को देय होगी, परन्तु 1 जुलाई को वेतन वृद्धि उसी कर्मचारी को देय होगी जो उस वर्ष में (1 जुलाई से 30 जून की अवधि में) वेतनमान में 6 माह से अधिक कार्य किया हो।

स्थानान्तरण: **41.** प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल संघ को किसी प्रशासनिक कारण से, जो मिल व कार्य हित में हो, उत्तर प्रदेश में किसी सहकारी चीनी मिल, आसवनी इकाई या किसी अन्य अधिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों को किसी एक सहकारी चीनी मिल या आसवनी इकाई या अधिष्ठान से दूसरे में स्थानान्तरित करने की शक्ति होगी।

कार्य घंटे और उपस्थिति: **42.** प्रत्येक कर्मचारी हाजिरी लगाने, कार्यालय आने, कार्यालय से जाने, विभिन्न स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के घंटों के सम्बन्ध में समय-समय पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन करेगा।

उपस्थिति **43.** प्रबन्धन उपस्थिति दर्ज करने के लिए नियम बना

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

नियम: सकता है। ये नियम विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार से निर्धारित किये जा सकते हैं।

(1) सभी कर्मचारी टाईमकीपिंग, उपस्थिति दर्ज करने आदि के सम्बन्ध में प्रबन्धन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निर्देशों या नियमों या विनियमों अथवा परिपत्रों/ आदेशों का पालन करेंगे।

(2) प्रत्येक कर्मचारी प्रबन्धन द्वारा समय-समय पर निर्धारित विधि, तरीके और स्थान के अनुसार प्रतिदिन हाजिरी दर्ज करेगा।

(3) हाजिरी दर्ज करने के तुरंत बाद सभी कर्मचारियों को प्रबन्धन द्वारा अधिसूचित स्थान पर अपने कार्य पर रिपोर्ट करनी होगी और कार्य के लिए तैयार रहना होगा।

(4) कोई भी कर्मचारी तब तक अपना कार्यस्थल नहीं छोडेगा जब तक उसका कार्य समाप्त नहीं हो जाता अथवा अगली शिफ्ट का कर्मचारी, जो भी स्थिति हो, उससे चार्ज नहीं ले लेता।

(5) यदि किसी कर्मचारी को बिना पर्याप्त कारणों के उसके कार्यस्थल से अनुपस्थित पाया जाता है तो उसे गैर हाजिर माना जायेगा और उस पर दंड लगाया जा सकता है और साथ ही साथ वह ऐसी अनुपस्थिति अवधि के लिए दिहाड़ी/वेतन पाने का भी हकदार नहीं होगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

भाग - छह

आचरण और अनुशासन

आचरण: **44.(1)** प्रत्येक पूर्णकालिक/सीजनल कर्मचारी, सम्बद्ध मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान के अधिकार में होगा और वह मिल, आसवनी या तैनाती के स्थान की सेवा ऐसी क्षमता, ऐसे घण्टों के दौरान और ऐसे स्थान पर करेगा जैसा कि उसे समय-समय पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निदेशित किया जाय।

(2) प्रत्येक कर्मचारी अधिनियम, नियमावलियों, विनियमावलियों और उप विधियों के उपबन्धों और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर दिये गये आदेशों का अनुपालन करेगा।

(3) प्रत्येक कर्मचारी इस नियमावली का अनुसरण और पालन करेगा और समस्त आदेशों और निर्देशों को जो, ऐसे किसी प्राधिकारी द्वारा जिसकी अधिकारिता, अधीक्षण या नियंत्रण के अधीन वह तत्समय रखा जाय, उसको दिये जाय मानेगा,

(4) प्रत्येक कर्मचारी, समिति के कारोबार के भेदों की और गोपनीय प्रकार की कारोबार सम्बंधी सूचना को, जो उसके नियोजन के दौरान उसके कब्जे या जानकारी में आयी हों या उसके द्वारा संग्रहित की गयी हो, किसी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रकट नहीं करेगा; परन्तु अपने ज्येष्ठ अधिकारी की

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अनुज्ञा में वह केवल ऐसी सूचना संप्रेषित कर सकता है जैसी विवादों के निस्तारण या जांच, निरीक्षण, अन्वेषण या लेखा परीक्षा के संचालन के लिए किसी प्राधिकारी द्वारा आवश्यक हो या वहाँ ऐसी सूचना किसी विधि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाय।

अनुशासन: 45.(1) प्रत्येक कर्मचारी सम्बन्धित सहकारी समिति के हित का संवर्धन करने के लिये मिल, आसवनी इकाई और तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान की सेवा करेगा।

(2) किसी क्षेत्र में मादक पेयों या औषधियों से सम्बन्धित तत्समय प्रयुक्त किसी विधि के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/अधिष्ठान का कोई कर्मचारीः-

(क) ड्यूटी के दौरान ऐसे मादक पेयों या औषधियों के प्रभाव में नहीं रहेगा; या

(ख) मादकता या नशे की दशा में किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं जायेगा; या

(ग) आदतन ऐसे पेयों या औषधियों का उपयोग नहीं करेगा।

(3) **<u>मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान का कोई कर्मचारीः</u>**

(क) मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान के परिसर में विच्छृखल या अभद्र व्यवहार, द्यूत आचरण में तल्लीन नहीं होगा और न ऐसा कोई कार्य करेगा जिससे

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

समिति के काराबार में बाधा पहुंचे या वह अस्त व्यस्त हो जाय।

(ख) मिल, आसवनी इकाई व अन्य तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान की मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/अधिष्ठान का कार्य करने वाले व्यक्तियों की सम्पति की जानबूझ कर न तो क्षति पहुंचायेगा और न क्षति पहुंचाने का प्रयत्न करेगा, या

(ग) कदाचार कर्तव्यों के लोप या भंग के कार्य के लिए किसी कर्मचारी को न तो दुष्प्रेरित करेगा और न प्रोत्साहित करेगा, या

(घ) अपने प्रभार या देख-रेख में संघ, मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान से प्राप्त ऋणों या अग्रिमों का दुरूपयोग नहीं करेगा।

(4) मिल, आसवनी इकाई व अन्य तैनाती के स्थान/ अधिष्ठान का कोई कर्मचारी किसी राजनीतिक प्रदर्शन में न तो भाग लेगा और न स्वयं उसमें सहयोग करेगा और न प्रबन्ध कमेटी या सहकारी समिति या मिल के किसी अन्य कार्यालय के किसी निर्वाचन में पक्ष समर्थन करेगा और न अन्यथा अपने प्रभाव का उपयोग करेगा।

(5) कोई कर्मचारी मिल, आसवनी इकाई या अन्य तैनाती के स्थान/अधिष्ठान का जिसका वह कर्मचारी हैं, कार्यकलाप के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक या

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सम्बन्धित मिल के मुख्य कार्यपालक की पूर्व स्वीकृति के बिना, प्रेस को न तो कोई बयान देगा, न प्रेस या मैगजीन को कोई लेख देगा और न रेडियो/टेलीविजन या अन्य माध्यमों पर कोई वार्ता देगा।

(6) कोई कर्मचारी मिल/आसवनी या अन्य तैनाती के स्थान/अधिष्ठान, जिसका वह कर्मचारी है, अपनी ड्यूटी के दौरान सोयेगा नहीं तथा मिल परिसर में धूम्रपान नहीं करेगा।

(7) कोई कर्मचारी मिल/आसवनी या अन्य तैनाती के स्थान/अधिष्ठान, जिसका वह कर्मचारी हैं, वह मिल समिति, अन्य कर्मचारियों, गन्ना कृषकों, मिल के ठेकेदारों की सम्पत्ति की चोरी, कपट या अनियमित रूप से कोई क्षति नही पहुँचायेगा।

